सार-समाचार

संन्यास आश्रम में नशा मुक्ति संगोष्ठी आयोजित

अजमेर, (निसं)। सर्व धर्म मैत्री संघ एवं संन्यास आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में संन्यास आश्रम में नशा मुक्ति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने राज्य सरकार द्वारा नशा मुक्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संन्यास आश्रम के श्री ज्योतिषानन्द जी महाराज ने नशे के विरुद्ध सनातन धर्म में वर्णित सिद्धांतों पर चर्चा की। पुष्कर से पधारे पाठक जी महाराज ने रामचरित मानस के उदाहरण प्रस्तुत कर नशा त्यागने के संदेश बताए। प्रोफेसर डॉ. राकेश कटारा ने धूम्रपान और अल्कोहल से होने वाले स्वास्थ्य दुष्परिणाम बताए, वहीं डॉ. जगजीत सिंह सोखी ने नशे के उत्पादन और वितरण पर नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. मंसूर ने पान, गुटखा और जर्दा के सेवन से होने वाली हानियों एवं बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में महमूद खान, विक्रम सिंह बौद्ध, सूरज गुर्जर, आचार्य कैलाश चंद्र शर्मा, अभिषेक कुमार शुक्ला, शास्त्री हरिनारायण चतुर्वेदी सहित कई वक्ता एवं बटुक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

रजत जयंती समारोह में राष्ट्रीय संत गोविंद देव गिरी जी महाराज करेंगे शिरकत

पुष्कर, (निसं)। तपोनिष्ठ राष्ट्रीय सन्त परम पूज्य स्वामी श्री गोविन्ददेव गिरिजी महाराज एवं (कोषाध्यक्ष - श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, अयोध्या) (उपाध्यक्ष श्री कृष्ण जन्मभूमि, मथुरा)के पावन सान्निध्य में अभिषेक, हवन, पूजा-अर्चना एवं आशीर्वचन आयोजित किए जाएंगे। ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ के कोषाध्यक्ष अशोक कॉलोनी ने बताया कि परम सौभाग्य से स्वामी जी का पदार्पण साल 2026 के 13, 14, 15 फरवरी को वेद विद्यापीठ परिसर में हो रहा है। इस अवधि में मृत्युञ्जय महादेव मन्दिर में रुद्राभिषेक, स्वामी जी का आशीर्वचन व सान्निध्य प्राप्त होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ के संरक्षक-पद्मश्री श्री रामेश्वरलाल काबरा न्यासीगण अध्यक्ष आनन्द राठी ,उपाध्यक्ष राम अवतार जाजू सचिन सन्दीप झंवर कोषाध्यक्ष अशोक कालानी,सहसचिव अरुण अग्रवाल एवं भंवरलाल सोनी, त्रिभुवन काबरा, अशोक सोनी, मनोज लड्डा, कैलाश बियाणी, गोविन्द माहेश्वरी, नवनीत सोमानी, रामरतन भूतड़ा, ज्योति माहेश्वरी, अजीत अग्रवाल, वेदमूर्ति आचार्य, रामकरण गुरूजी, कृष्ण कुमार त्रिवेदी व करणसिंह आदि तैयारियों में लगे हुए है ।

जीआरपी के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 दिसम्बर को

अजमेर, (कास)। जीआरपी की कॉनिस्टेबल लिखित भर्ती परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आगामी 10 दिसम्बर को सुबह 5 बजे से सीआरपीएफ के ग्रुप केन्द्र प्रथम गुलाबबाड़ी रोड़ में आयोजित होगी। जीआरपी के पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी को अपना प्रवेश-पत्रा, लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्रा, वैध फोटो पहचान पत्रा, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, भर्ती के लिए किए गए आवेदन पत्रा की प्रति एवं विज्ञिप्त में अंकित समस्त मूल प्रमाण पत्रा उनकी स्वप्रमाणित फोटो प्रतियां तथा राजकीय चिकित्सक द्वारा जारी आरोग्य एवं फिटनेस प्रमाण पत्रा सहित प्रवेश पत्रा में दिए गए समस्त निर्देशों की पूर्ण पालना करते हुए आगामी 10 दिसम्बर को प्रातः 4.30 बजे परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना होगा।

निर्यात प्रोत्साहन एवं डाक्यूमेंटेशन पर कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा(निसं)। उद्योग विभाग , राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद एवं मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मेवाड़ चैंबर भवन, नागोरी गार्डन स्थित एलएनजे कॉन्फ्रेंस हॉल में राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति -2024 एवं निर्यात पुरस्कार के संबंध में कार्यशाला (एक्सपोर्ट प्रमोशन एवं डॉक्यूमेंटेशन, एक्सपोर्ट पुरस्कार) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जयपुर के विशेषज्ञ श्री राजकुमार वैष्णव ने राजस्थान निर्यात संवर्धन नीति-2024 के प्रावधानों एवं निर्यात से जुड़ी प्रक्रियाओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। श्री वैष्णव ने उद्यिमयों को निर्यात दस्तावेज़ीकरण, अंतरराष्ट्रीय बाजार की संभावनाएँ, ऑनलाइन निर्यात, भुगतान सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स सपोर्ट तथा सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं की व्यवहारिक जानकारी प्रदान की।

जिला परिषद की बैठक में सदस्यों ने विकास कार्यों एवं नवाचारों की सराहना की

■ जिला परिषद द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों, नवाचारों एवं जनकल्याणकारी पहलों पर विस्तार से चर्चा की

अजमेर, (निसं)। जिला परिषद की साधारण सभा एवं जिला आयोजना समिति की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित हुई। इसमें सदस्यों ने विगत अवधि में जिला परिषद द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों, नवाचारों एवं जनकल्याणकारी पहलों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में विभिन्न सदस्यों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जिला परिषद ने ग्रामीण अंचलों तक सरकार की योजनाओं को प्रभावी रूप से पहुंचाने और आमजन को राहत प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बैठक में विभिन्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया।

जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा ने कहा कि अधिकारियों का जिला परिषद के कार्यों में सहयोग रहा। सभी कार्य व्यापक जनहित को देखते हुए किए गए। वर्तमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राम प्रकाश ने कार्य की गति बढ़ाई। जिला परिषद आपके द्वार में सभी विभागों ने क्षेत्र में जाकर कार्य किया। इससे योजनाओं को अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य संभव हो पाया। इसी प्रकार प्रत्येक बुधवार को जनसुनवाई के माध्यम से कई प्रकरण निस्तारित किए गए।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि किए गए कार्य पूरे दल की उपलब्धि होती है। इसके लिए किसी एक व्यक्ति को श्रेय नहीं दे सकते हैं। सामुहिक प्रयासों से जिला परिषद से सम्बन्धित फ्लैगशिप योजनाओं मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान, स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वामित्व योजना की रैंकिंग में सुधार हुआ है। विभागीय अधिकारी स्वविवेक से नियमानुसार सकारात्मक निर्णय लें। कार्य को पुरी ऊर्जा के साथ करने के प्रयास करें।

भंवर सिंह पलाड़ा ने कहा कि जिला परिषद के सभी सदस्यों एवं अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर गरीब को गणेश मानकर सेवा भाव से कार्य किए गए। बजट आवंटन भी संतुलित एवं समतुल्य रखते हुए सर्वहितकारी विकास को प्राथमिकता दी गई।

उन्होंने कहा कि जिला परिषद आपके द्वार अभियान के माध्यम से वंचित वर्गों को लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग के द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पेंशन स्वीकृतियाँ, दिव्यांगजन अंग उपकरण वितरण और अन्य सामाजिक हित के कार्यक्रम प्रभावी रूप से संचालित हुए। विद्यालयों में खेल मैदान, शीतल जल की व्यवस्था, शिक्षण अधिगम वातावरण सुदृढ़ करने जैसे कार्य भी उल्लेखनीय रहे। उन्होंने कहा कि जिला परिषद में कार्यरत मुख्य कार्यकारी अधिकारी से लेकर समस्त कर्मचारियों ने कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य किया है। कई जिला परिषद सदस्य समय-समय पर विधायक, मंत्री एवं अन्य पदों पर पहुंचते रहे हैं। इसी प्रकार वर्तमान सदस्य भी जनता के कार्यों को प्राथमिकता देकर क्षेत्र के विकास में योगदान दें।

उप जिला प्रमुख श्री हगामी लाल चौधरी ने कहा कि इस कार्यकाल में अधिकारियों के साथ मधुर सम्बन्ध रहे। इससे जनहित के अपेक्षाकृत अधिक कार्य किए जा सके। जिला परिषद जनप्रतिनिधि के रूप में एक शुरूआत मानी जा सकती है। व्यक्ति इस क्षेत्र में आगे बढ़कर अन्य उच्च पदों पर भी पहुंच सकता है। जिला परिषद सदस्य श्री महेन्द्र सिंह मझेवला ने कहा कि जिला परिषद द्वारा सर्वाधिक फण्ड उपलब्ध करवाया गया। इससे जनहित के कई कार्य सम्पादित हुए। इसमें अधिकारियों ने पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य किया। सुरज्ञान ने कहा कि महिला के रूप में जिला प्रमुख सुशील कंवर पलाड़ा का विशेष सहयोग मिला। श्री दिलीप पचार ने कहा कि क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आपसी सम्नवय के साथ कार्य किया।

इस कारण रिकॉर्ड स्तर तक विकास कार्य करवाए गए। श्री श्रवण सिंह रावत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के सहयोग से विकास कार्यों की गति बढ़ी। राजेन्द्र बागड़ी ने कहा कि जिला प्रमुख के नवाचारों से आमजन अत्यधिक लाभान्वित हुए हैं।

जगदीश गोरा ने कहा कि ग्रामीणों के अनेक कार्य सहजता से संपादित हुए और आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण हुआ। पूर्व जिला प्रमुख पहाड़िया ने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान जिला परिषद ने शिक्षा के सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण, ग्रामीण अंचलों में प्रशासन की पहुंच बढ़ाने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से क्रियान्वित किया। विभिन्न विभागों के साथ समन्वय से कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचा। जिला परिषद ने कार्यों के लिए आदर्श स्थापित किए। जनप्रतिनिधि के रूप में युवाओं को आगे लाने के लिए उनके द्वारा अब चुनाव नहीं लड़ा जाएगा।

इस अवसर पर जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवदान सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र, जिला आयोजना अधिकारी श्रीमती रूद्रा रेणु सहित विभागीय अधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रधान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का समन्वय दीपेन्द्र सिंह ने किया।

पंचायत समिति मसूदा की साधारण सभा 5 को

मसूदा, (निसं)। पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक 5 दिसंबर को सुबह 10 बजे आयोजन किया जाएगा। विकास अधिकारी संदेश पाराशर ने बताया कि मसूदा पंचायत समिति के सभागार में प्रधान मीनू कंवर राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। बैठक में गत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित विभिन्न विभागों जलदाय विभाग/ बिसलपुर परियोजना, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग एवं एमडीएम, कृषि विभाग, उद्यानिकी,एवं कृषि विपणन बोर्ड, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग एवं नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग, राजीविका, जलग्रहण विभाग के विभिन्न विभागों के कार्यों पर समीक्षा की जाएगी। पंचायत समिति की वर्ष 2025-26 की आय व्यय का अनुमोदन के साथ अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से विचार विमर्श किया जाएगा।

दिव्यांगता जागरूकता के लिए एक पखवाड़ा चलेंगे कार्यक्रम

■ राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा नृत्य नाटिका, दिव्यांगों का सम्मान, ग्राम स्तर पर बैठके और ब्यावर किलबिल का आयोजन

अजमेर,(निसं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य में समुदाय में दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व दिव्यांगजन जागरूकता पखवाड़ा 2 से 16 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

संस्था की सचिव एवं कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक ने बताया कि पखवाड़े का शुभारंभ 2 दिसंबर को संस्था परिसर में आयोजित विशेष कार्यक्रम के साथ होगा, जिसका मुख्य आकर्षण 'मैं ऐसा क्यों' - दिलों को छू लेने वाली विशेष नृत्य-नाटिका होगी। यह प्रस्तुति दर्शकों को इस भावनात्मक यात्रा से परिचित कराती है कि दिव्यांगजन किस तरह सोचते हैं, दैनिक परिस्थितियों को कैसे देखते और महसूस करते हैं, तथा समाज उनकी संवेदनाओं से क्या सीख सकता है।

नृत्य-नाटिका में दिव्यांग एवं गैर-दिव्यांग बच्चों का संयुक्त अभिनय समावेशन की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करेगा। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि यह नाटिका सप्ताह भर सागर कॉलेज चाचियावास, संस्कृति द स्कूल अजमेर, आर.के. पाटनी गर्ल्स कॉलेज किशनगढ़, डी.डब्ल्यू.पी.एस. चाचियावास, सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल, द मैस्कॉट स्कूल अजमेर सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रस्तुत की जाएगी।

इस पहल का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी में दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशीलता, सहयोग और समावेशन की भावना बचपन से ही विकसित करना है। इस प्रस्तुति के माध्यम से समाज में दिव्यांगजन की सोच, भावनाओं और उनके वास्तविक जीवन की चुनौतियों को समझने की नई संवेदना विकसित होगी और समावेशी वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। इस बाल मेले में ब्यावर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग एवं गैर-दिव्यांग बच्चे संयुक्त रूप से भाग लेंगे।

गीता को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे आज

अजमेर(निसं)। गीता जयंती के अवसर पर लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा आयोजित गीता को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं को बुधवार को प्रातः 10 बजे पुरस्कृत किया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि गंज स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में आयोजित गीता पर आधारित निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम संयोजक महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि प्रतियोगिता में 106 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें से दोनों प्रतियोगिताओं के चयनित श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत करेंगे।

एम.डी.एस.यू. में कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित

अजमेर(निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के धन्वंतरि आरोग्य केंद्र और रोटरी क्लब मेट्रो के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, विश्वविद्यालय परिवार और आमजन को कैंसर के कारणों, रोकथाम, बचाव एवं समय पर पहचान के महत्व से अवगत कराना था।

कुलगुरु प्रो. सुरेश अठावाल ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि कोई भी बीमारी लाइलाज नहीं होती, बल्कि असंतुलित जीवन शैली, अनियमित दिनचर्या और अस्वास्थ्यकर खानपान गंभीर रोगों की जड़ हैं। उन्होंने भारतीय चिकित्सा परंपरा में रोगी की मानसिक स्थिरता पर दिए गए बल का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आज की साइको न्यूरो इम्युनोलॉजी की अवधारणा से पूरी तरह मेल खाती है।

शिविर में जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज के स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. अजय शर्मा ने सर्वाइकल कैंसर पर प्रस्तुति देते हुए 10 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियों व महिलाओं को विशेषज्ञ परामर्श से टीकाकरण कराने की सलाह दी। टीबी एवं चेस्ट विभाग के सह-आचार्य डॉ. मुकेश गोयल ने फेफड़ों के कैंसर को धूमपान व प्रदूषण का परिणाम बताते हुए इसे पूर्णतः रोकथाम योग्य बीमारी बताया।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 19076737 दिनांक :- 28/11/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 45/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यो अनुमानित लागत राशि 1689.67 लाख की ई-निविदा क्रम संख्या (1-3) दिनांक 23.12.2025 एवं क्रम संख्या (4 से 7) दिनांक 15.12.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in, http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN : AJD2526WLOB00201, AJD2526WSOB00202-204, AJD2526SLOB00205, AJD2526WSOB00206, AJD2526SLOB00207

राज.संवाद/सी/25/14968 अधिशाषी अभियन्ता

एसआईआर कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 सुपरवाईजर को किया सम्मानित

■ जिले के 11 सुपरवाईजर को जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु ने राज्य स्तर से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

अजमेर, (कास)। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में आयोजित समारोह में राज्य स्तर पर चयनित जिले के 11 सुपरवाईजर को जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु ने राज्य स्तर से प्राप्त प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में राज्य स्तर पर सम्मान के लिए चयनित किशनगढ़ विधानसभा के सुपरवाईजर मुकेश कुमार वैष्णव, जितेंद्र कुमार ओझा, आजाद बाकलीवाल, वीर सिंह एवं फखरुद्दीन खान चौहान, नसीराबाद विधानसभा से पर्यवेक्षक देवीलाल रेगर, केकड़ी विधानसभा से पर्यवेक्षक बालूराम धाकड़, जयकांत शर्मा, हंसराज मीणा, विजय सिंह मीणा एवं हंसराज मीणा को संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला स्तर पर पुष्कर विधानसभा से पर्यवेक्षक श्योजी राम जाट, राजकुमार बावरी, सोहन लाल एवं दशरथ सिंह, अजमेर उत्तर विधानसभा से नंद किशोर प्रजापति, राजेंद्र सिंह कसाना एवं संतराम, अजमेर दक्षिण विधानसभा से पर्यवेक्षक चंद्र शेखर शर्मा तथा किशनगढ़ विधानसभा से पर्यवेक्षक सहायक किशोर नाथ को प्रशस्ति पत्र देकर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बन्धु ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों-कार्मिकों द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर के तहत उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा हैं। इससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन मिल सकेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति ककवानी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी गरिमा नरूला एवं नरेंद्र कुमार मीणा सहित सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल,अजमेर

क्रमांक : 1709 जाहिर आम सूचना दिनांक-02/12/25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 4-च-8, आनासागर सरक्युलर रोड, अजमेर क्षेत्रफल 59.06 व.मीटर मूल आवंटी श्रीमती उर्मिला जैन पत्नि श्री आर.सी. दोसी को आवंटित कर दिनांक 08.07.1983 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती उर्मिला जैन पत्नि श्री आर.सी. दोसी द्वारा दिनांक 28.05.1990 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती उर्मिला जैन की मृत्यु दिनांक 29.01.2024 को हो जाने के कारण उनके पति श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी द्वारा मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था। श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी के पक्ष में श्रीमती संगीता जैन पुत्री श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि श्री अनुज कुमार, श्रीमती सुनीता जैन पुत्री श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि श्री संजय कुमार जैन, श्रीमती रितु जैन पुत्री श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि श्री विनय टाली, श्रीमती दीपानी जैन पुत्रवधु श्री रमेशचन्द दोशी पत्नि स्व. श्री विकास दोशी बहिसियत खुद व बहिसियत माता व संरक्षिका नाबालिक पुत्री कुमारी नित्या जैन सुपौत्री श्री रमेशचन्द दोशी पुत्री स्व. श्री विकास दोशी व कुमारी भेरा जैन सुपौत्री श्री रमेशचन्द दोशी पुत्री स्व. श्री विकास दोशी द्वारा रजिस्टर्ड हक्त्गान पत्र प्रस्तुत किया गया है। मण्डल द्वारा दिनांक 28.08.2025 को श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी के पक्ष में मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। तत्पश्चात श्री रमेशचन्द दोशी पुत्र स्व. श्री हीरालाल दोशी द्वारा आवास का वैचान श्रीमती आशा धमनानी पुत्री स्व. श्री ज्ञानचन्द धमनानी को किया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1005 में क्रम संख्या 202503002111260 पृष्ठ संख्या 67 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4018 के पृष्ठ संख्या 446 से 457 पर दिनांक 01.10.2025 को चस्पा किया गया। श्रीमती आशा धमनानी पुत्री स्व. श्री ज्ञानचन्द धमनानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती आशा धमनानी पुत्री स्व. श्री ज्ञानचन्द धमनानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबुत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

खाद बीज की दुकानों का किया निरीक्षण

भीलवाड़ा(निसं)। रबी फसलो में सुनियोजित एवं आवश्यकतानुसार उर्वरकों की उपलब्धता एवं किसानो को उच्च गुणवत्ता का कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य को लेकर कृषि आयुक्तालय की टीम ने भीलवाड़ा मे खाद बीज की दुकानो का निरीक्षण किया। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि कृषि आयुक्तालय जयपुर में जल उपयोगिता प्रकोष्ठ के सहायक निदेशक जितेन्द्र कुमार नोगिया एवं नरेन्द्र जैन ने मैसर्स निम्बार्क ऐजेन्सी पर स्टॉक निर्धारित तिथि तक संधारित नही रखने एवं बिना पीसी में इन्द्राज कराये पोटाश डेविडेट फ्रोम मोलासिस पाये जाने पर तत्काल बिक्री पर रोक लगाकर फर्म को कारण बताओं नोटिस जारी किया है, इसी प्रकार हिन्दुस्तान सीड्स एवं फर्टीलाइजर के प्रतिष्ठान पर बिल बुक निर्धारित प्रारूप में संधारित करने के निर्देश दिये।

NAME CHANGE

I Tulshi Devi, Spouse of Army No. 14840941N, Hav, Ramniwas Poshak Residing of Vill & Po:- Baggar, Tehsil-Riyan Baday, District-Nagour,Rajasthan, Pin-341521 have change my name from Tulshi Devi to Tulchhai & DOB from 10/10/1983 to 10/11/1981 vide affidavit No. BZ922340 dated 02/12/2025 before court campus Nasirabad

यूरिया की जमाखोरी रोकने के लिए एक्शन मोड पर सरकार

उदयपुर। प्रदेश में यूरिया वितरण को लेकर आ रही खबरों के बीच किसानों को मांग के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने तथा जमाखोरी व कालाबाजारी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार एक्शन मोड पर है। सरकार ने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना जारी कर कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

अजमेर विकास प्राधिकरण ने हटाया अतिक्रमण

अजमेर (कासं)। अजमेर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को बडी कार्यवाही करते हुए लोहागल गांव से जनाना त्रिराहे तक मार्गाधिकार में आने वाले सभी अतिक्रमणों को ध्वस्त किया। इन सभी अतिक्रमणों पर को न्यायालय के आदेश के बाद हटाया गया।

इन अतिक्रमणों पर राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर सिविल रिट याचिका संख्या 17725/2024 श्री जितेन्द्र कुमार बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में पारित आदेश की पालना में हटाए गए। मौके पर आठ कैबिन, दस पक्की दिवारे, 15 टीन शेड व 5 अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। एडीए का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

अजमेर विकास प्राधिकरण ने लोहागल गांव से जनाना त्रिराहे तक मार्गाधिकार में आने वाले सभी अतिक्रमणों को ध्वस्त किया।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.
E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141

क्रमांकः-नपाप./विकास शाखा/2025-26/2811 दिनांकः- 27.11.2025

ई-निविदा सूचना

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई- प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है । कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 27.11.2025 का 18:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2526A8477
UBN NO :

DLB2526WSOB25405	DLB2526WSOB25406	DLB2526WSOB25407
DLB2526WSOB25408	DLB2526WSOB25409	DLB2526WSOB25410
DLB2526WSOB25411	DLB2526WSOB25412	DLB2526WSOB25413
DLB2526WSOB25414	DLB2526WSOB25415	DLB2526WSOB25416
DLB2526WSOB25417	DLB2526WSOB25418	DLB2526WSOB25419

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका परबतसर

राज.संवाद/सी/25/14873

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांकः ननिअ/भवन/2025-26/512 आपत्ति सूचना दिनांक-26/11/25

श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र श्री पचार पुत्र श्री देवी सिंह पंवार उर्फ देवीलाल पंवार निवासी मकान नं. 88/3 प्रकाश नगर गली नं फॉक्सागर रोड अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 8/97 9926 8/97 99/6 106/26 1/436 176/299/68/97 जो थाके केयलबाई नथरमल धर्मशाला वाली गली देहली गेट के अन्दर चीर मीठा गली अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 78.96 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कियें हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है -

पूर्व- सम्पति ए.एम.सी. नं. 6/98 पश्चिम- सम्पति केयलबाई नथरमल धर्मशाला
उत्तर- शामलाती पैसेज सम्पति श्री मोहन आसवानी की व सम्पति श्री ब्रहमदेव की दक्षिण- सम्पति श्री जगन्नाथ की

अतः जारिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सुचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अधुनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत निम्बेडा कलां, पंचायत समिति रायपुर (ब्यावर)

क्रमांक- ग्रापनि / 2025-26/36 ई-निविदा सूचना 01/2025-26 दिनांक:30/11/2025

MLA LAD मद (वित्तीय वर्ष 2025-26) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत निम्बेडा कलां में निम्न कार्य करवाये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथियां, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल